प्रेषक,　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　ई–मेल

निदेशक,
अर्थ एवं संख्या,
उ०प्र० लखनऊ।

सेवा में,

अर्थ एवं संख्याधिकारी
जनपद–मेरठ, मैनपुरी, इटावा, कानपुर नगर, संत कबीर नगर, आज़मगढ़ एवं गाजीपुर।

पत्रांकः 396/आ०ग०–24/2019　　　　　　　　　　दिनांकःलखनऊः 15 अक्टूबर, 2022

विषयः 7वीं आर्थिक गणना – 2019 के गणना कार्य को जनपद के कुछ क्षेत्रों (ग्रामीण/नगरीय) में **Resurvey कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उप महानिदेशक, MoSPI, भारत सरकार के अर्द्ध शा० पत्रांकःP-11012/5/2019-ESD(Uttar Pradesh) दिनांक 14.10.2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि पूर्व में जनपद में सम्पन्न हुई 7वीं आर्थिक गणना के आंकड़ों का परीक्षण एवं क्षेत्र स्तर के पदाधिकारियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर देखा गया कि उपर्युक्त जनपदों के कुछ क्षेत्रों में प्रतिष्ठानों (Establishments) को सर्वेक्षण के तहत कवर नहीं किया जा सका है, क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा कोविड –19 महामारी से निपटने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों के कारण सर्वेक्षण के समय बंद पाए गए थे। उक्त इन कोविड प्रभावित क्षेत्रों में दिनांक 14.10.2022 से सी.एस.सी द्वारा Re-Survey कराया जाना प्रस्तावित है, जिसे Re-survey शुरु होने के दिनांक 14.10.2022 से एक पखवाड़े के भीतर पूरा किया जायेगा। जिसके सन्दर्भ में पत्र के साथ संलग्न प्रस्तावित क्षेत्रों में Re-survey कार्य हेतु सी.एस.सी. द्वारा नियुक्त कार्मिकों को सुधारात्मक गतिविधि के समय आ रही समस्याओं के निराकरण एवं सहयोग करने हेतु जनपद के उपयुक्त अधिकारियों/कार्मिकों को निर्देशित करने की अपेक्षा की गयी है।

तत्क्रम में निर्देशित किया जाता है कि सी.एस.सी. के जिला प्रबन्धक/को–आर्डिनेटर से समन्वय करते हुए सी.एस.सी द्वारा लगाये गये गणना कार्मिकों को जनपद के प्रस्तावित क्षेत्र में 7वीं आर्थिक गणना के आंकड़ों में की जा रही सुधारात्मक गतिविधि में Guide करने एवं उनमें आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु जिला प्रशासन एवं जनपद के उपायुक्त, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र से आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त करते हुए द्वितीय स्तर के पर्यवेक्षकीय कार्य में लगे अधिकारियों/कार्मिकों से सहयोग प्रदान कराना सुनिश्चित करायें, जिससे सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 7वीं आर्थिक गणना के परिणामों को शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जा सके।

संलग्नक –उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(अमृत त्रिपाठी)
निदेशक, अर्थ एवं संख्या।

पत्रांकः 396/आ०ग०–24/2019　　　　　　　　　　तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. डॉ० पंकज श्रीवास्तव, उप महानिदेशक, NSO, MoSPI, GoI, नई दिल्ली।
2. जिलाधिकारी, जनपद–मेरठ, मैनपुरी, इटावा, कानपुर नगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ एवं गाजीपुर।
3. श्री नेपाल चन्द्र सेन, परियोजना प्रमुख (7वीं आ०ग०), सी.एस.सी., ई–गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लि०
4. श्री अतुलित राय, राज्य प्रमुख, उ०प्र०, सी.एस.सी., ई–गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लि० उ०प्र०।
5. निजी सचिव (सचिव, नियोजन, उ०प्र० शासन) को सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
6. सम्बन्धित मण्डलीय उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या), उ०प्र०।
7. सम्बन्धित जनपद के उपायुक्त, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र।

(अमृत त्रिपाठी)
निदेशक, अर्थ एवं संख्या।

डॉ. पंकज श्रीवास्तव
उप महानिदेशक
Dr. Pankaj Srivastava
Deputy Director General

भारत सरकार
Government of India
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
Ministry of Statistics & Programme Implementation
राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय / National Statistical Office
के. एल. भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110 001
K. L. Bhawan, Janpath, New Delhi-110 001
फोन / Tel : +91-11-23455511
E-mail : ddgec.esd@mospi.gov.in

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**D.O No. P-11012/5/2019-ESD(Uttar Pradesh)** **Date: 14th October, 2022**

Dear Sir,

Kind reference is invited to the minutes of SLCC meeting held under the chairmanship of Chief Secretary, Govt. of Uttar Pradesh on 06.06.2022 for the approval of 7th Economic Census (EC) provisional results. The discrepancies/observations highlighted in the minutes were referred to CSC for their necessary action.

2. CSC vide their letter dated 04.10.2022 (copy enclosed) has proposed to adopt corrective measures to address the concerns. CSC have identified pockets in 29 districts were some duplication in survey has been done. Further, CSC have proposed to undertake re-survey in left out pockets/areas spared across 07 districts of the State that were left out of coverage due to COVID pandemic scenario. CSC aims to complete the re-survey by 20.10.2022.

3. I therefore request you to kindly advise the concerned officers to guide CSC while they undertake correctional activity on the field. Your kind support in this regard will help in early finalization and release of 7th EC results by the Ministry.

With Regards,

Yours Sincerely

Encl: Letter from CSC dated 04.10.2022

(Dr. Pankaj Srivastava)

**Shri Alok Kumar, IAS**
Secretary
Govt. of Uttar Pradesh,
Secretariat, Lucknow

Digital India
Power To Empower

CSC™
e-GOVERNANCE SERVICES INDIA LIMITED

Date: No. F. SLCC Observations/UP/2022-23/01 Dated, New Delhi, the 04 October, 2022

To
The Director (ESD),
Ministry of Statistics & Programme Implementation (MOSPI),
Khurshid Lal Bhawan,
Janpath,
New Delhi-110001.

**Subject: Information on the roadmap to respond to SLCC observations in Uttar Pradesh**

Dear Sir,

We would like to invite a reference to the discussions held in yesterday's review meeting regarding the action plan for closing the observations made by SLCC in its meeting held on 06.06.2022 and to state that CSC-SPV has adopted the following action plan to clear the observations of the SLCC –

1. CSC-SPV identified 29 Districts where as per the internal field report in a number of pockets some duplication in survey has been done. We would like to weed out these duplicate survey during next 10 days.
2. The CSC SPV State team after thorough examination of the data in the districts namely Ghazipur, Mainpuri, Meerut, Etawah, Sant Kabeer Nagar, Kanpur Nagar and Azamgarh and on the basis of the information received from the field level functionaries found that many establishments could not be covered under survey because they were found closed at the time of survey due to restrictions imposed by the State Government to combat the Covid-19 pandemic. We would like to conduct re-survey in these covid affected areas. It is expected that re-survey may be completed by 20th October, 2022.

2. We would like to inform DES, Uttar Pradesh about these two proposed action plans before we undertake these above-mentioned 2 activities.

Yours faithfully,
(signed) 4/10/2022
Nepal Chandra Sen,
Project Head, 7th National Economic Census
CSC E-Governance Services India Ltd.

CSC e-Governance Services India Limited

Copy to –

1. The Deputy Director General (ESD) Ministry of Statistics and Program Implementation (MoSPI), Government of India.
2. The Directorate of Economics and Statistics (DES), Government of Uttar Pradesh.
3. Shri Atulit Rai, State Head, Uttar Pradesh, CSC E-Governance Services India Limited.

CSC e-Governance Services India Limited

Nepal Chandra Sen,
Project Head, 7th National Economic Census
CSC E-Governance Services India Ltd.

सं0-1342/35-4-2022

प्रेषक,

डा0 संजीव भारद्वाज
संयुक्त सचिव,
नियोजन विभाग,
उ0प्र0शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मेरठ,मैनपुरी,इटावा,कानपुर नगर,
संत कबीर नगर, आजमगढ एवं गाजीपुर।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 01 नवम्बर, 2022

विषय: 7वीं आर्थिक गणना-2019 के गणना कार्य को जनपद के कतिपय ग्रामीण/नगरीय क्षेत्रों में पुनर्वर्वेक्षण कराने के संबंध में।

महोदय,

7वीं आर्थिक गणना के अनन्तिम परिणामों में पायी गयी विसंगतियों के निराकरण हेतु कार्यदायी संस्था (कामन सर्विस सेंटर) द्वारा प्रदेश के 07 जनपदों में चलाये जा रहे पुनर्सर्वेक्षण कार्य में वांछनीय सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा उप महानिदेशक MoSPI भारत सरकार द्वारा की गयी है।

2- तत्क्रम में संज्ञान में लाना है कि मुख्य सचिव महोदय की अधक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की दिनांक- 06.06.2022 को सम्पन्न हुई बैठक में संस्था द्वारा प्रस्तुत आंकडों मे निम्न विसंगतियां परिलक्षित हुई थी:-

(a) छठी आर्थिक गणना के सापेक्ष Economic Census House में असंगत वृद्धि।
(b) प्रति उद्यम कर्मकारों की संख्या उद्यमों की वृद्धि के सापेक्ष कम होना।
(c) व्यापार क्षेत्र मे छठी आर्थिक गणना के सापेक्ष कम हिस्सेदारी।
(d) प्राईवेट कारपोरेट सेक्टर मे छठी आर्थिक गणना के सापेक्ष हिस्सेदारी औचित्य पूर्ण न होना।
(e) पंजीकृत वाणिज्यक उद्यमों की संख्या वास्ताविकता के सापेक्ष अत्यन्त कम होना।
(f) संस्थागत ऋण की दर्शायी गयी स्थिति अपेक्षाकृत अत्यन्त कम होना ।

3- उपर्युक्त इंगित विसंगतियों के निराकरण हेतु समिति द्वारा पुनर्सर्वेक्षण के दिये गये निर्देशो के क्रम मे कार्यदायी संस्था (कॉमन सर्विस सेंटर) द्वारा निम्न कार्य योजना तैयार की गयी है:-

(a) प्रदेश के 29 जनपदों में आन्तरिक क्षेत्र रिर्पोट के आधार पर Duplicasy की पहचान की गयी है, जिन्हें अगले 10 दिनों मे ठीक कर लिया जायेगा।
(b) प्रदेश के 7 जनपदों यथा- मेरठ, मैनपुरी,इटावा,कानपुर नगर,संत कबीर नगर,आजमगढ एवं गाजीपुर मे सुधारात्मक गतिविधियों एवं चिन्हित क्षेत्रों मे माह अक्टूबर,2022 मे (एक पखवाडे मे ) ही पुर्नसर्वेक्षण का कार्य।

4- कामन सर्विस सेंटर द्वारा पुर्नसर्वेक्षण के समय क्षेत्र में विद्यमान कोई भी इकाई सर्वेक्षण से न छूटे, संग्रहीत आकडों की विश्वसनीयता सुनिश्चत की जाये, वाणिज्यक उद्यमो के आकडो की इस दृष्टिकोण से पुष्टि कर ली जाये कि इनके पंजीकरण से संबंधित सूचना वास्तविकता के आधार पर संकलित की गयी है,

उद्यमों के वित्तीय स्रोतो और विशेष कर संस्थागत संस्थाओं से लोनिग की वास्तिविक स्थिति की जानकारी कर सूचना संग्रहीत की जाये। साथ् ही यह भी आवश्यक है कि व्यापार क्षेत्र एवं प्राइवेट कार्पोरेट सेक्टर की आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी के संबंध मे भी सर्वेक्षण के समय आंकडों की सुद्धता अवश्यक सुनिश्चित कर ली जाये।

5- कामन सर्विस सेंटर द्वारा कराये जाने वाले पुर्नसर्वेक्षण कार्य की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु यह भी आवश्यक है कि सर्वेक्षण के मध्य ही प्राप्त आंकडों को ससमय अर्थ एवं संख्या प्रभाग के साथ् संस्था द्वारा साझा कर लिया जाये, ताकि संग्रहीत आंकडों का परीक्षण कर मुख्य सचिव महोदय द्वारा इंगित कमियों का ससमय निराकरण सुनिश्चित कराये जाने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर/MOSPI भारत सरकार के संज्ञान में लाया जा सके।

6- अतः उपयुक्त के संबंध में मुझे आपसे यह करने का निदेश हुआ है कि कार्यदायी संस्था द्वारा पुनर्सर्वेक्षण के लिए उक्त प्रस्तर-3 मे उल्लिखित कार्य योजना के अनुसार जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी व उपायुक्त जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र से आपके जनपद के लिए नामित कामन सर्विस सेंटर के अधिकारियों से समन्वय कराते हुए गुणवत्तापरक सर्वेक्षण कार्य ससमय पूर्ण कराये जाने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव

संख्याः1342(1)/35-4-2022 तद्दिनाकित ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- डा0 पंकज श्रीवास्तव,उप महानिदेशक, NSO,MoSPI,Go नई दिल्ली ।
2- श्री नेपाल चन्द्र सेन, परियोजना प्रमुख (7वीं आ.ग.) सी.एस;सी, ई-गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लि.नई दिल्ली ।
3- श्री अतुलित राय राज्य प्रमुख उ.प्र; उ.प्र;सी.एस.सी; ई-गवर्नेन्स सर्विसेज इण्डिया लि.उ.प्र.।
4- संबंधित जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी/उपायुक्त जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र।
5- संबंधित उप निदेशक (अर्थ एवं संख्या) उ.प्र;।
6- संबंधित मंडलायुक्त।
7- निदेशक, अर्थ एवं संख्या, उ.प्र.।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव